# तरुण छत्तीसगढ़

कोरबा, बुधवार, दिनांक 13 दिसम्बर 2023








हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के लिए
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
गारंटी

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

**कृषक उन्नति योजना**

हम "कृषक उन्नति योजना" की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः
- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**महतारी वन्दन योजना**

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

**18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान**

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

**बोनस की गारंटी**

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

**पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता**

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

नयी सुबह, नयी सोच

अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण


S-39073/64

सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# तरुण छत्तीसगढ़

कोरबा, बुधवार 13 दिसम्बर 2023





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी

## तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

## श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

## दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

## रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

## 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

**संकल्प निभाएंगे**
**समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...**

S-39073/64

**सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 73 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 13 दिसम्बर 2023 डाक 14 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


# इंटरपोल के नोटिस पर मालिक रवि उप्पल दुबई में दबोचा गया

## कभी टायर बेचता था महादेव सट्टा ऐप का मालिक रवि उप्पल, यूं खड़ा किया 6,000 करोड़ का साम्राज्य

**भिलाई- रायपुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अवैध सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपी रवि उप्पल को दुबई में हिरासत में लिया गया है। करोड़ों रुपये के इस घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव एप के मालिक रवि उप्पल को भारत प्रत्यर्पित कराने के प्रयास कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के दो मुख्य मालिकों में से एक है। ईडी के आदेश पर रवि के खिलाफ इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया था। इसी आधार पर दुबई पुलिस ने रवि को हिरासत में लिया है। महादेव बेटिंग ऐप के किंग के नाम से प्रसिद्ध रवि उप्पल कभी भिलाई के सुपेला दक्षिण गंगोत्री में टायर की दुकान चलाया करता था। इसके अलावा जगह-जगह नलकूप खनन का कार्य भी किया करता था। इसके पिता भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़े पद पर थे, जो रिटायर हो गए थे। इस दौरान उन्होंने काफी पैसे एकत्र कर रखें थे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया, 43 वर्षीय रवि उप्पल को पिछले हफ्ते ही हिरासत में लिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी रवि उप्पल को भारत प्रत्यर्पित कराने के लिए दुबई के अधिकारियों के संपर्क में हैं। उप्पल के खिलाफ दर्ज मामले की जांच ईडी के अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ-साथ मुंबई पुलिस भी कर रही है।

रवि उप्पल ने महादेव ऐप के जरिए 6000 करोड़ का हेरफेर किया। रवि उप्पल जगह-जगह होने वाले आयोजनों में जाकर पैसे दिया करता था और अपने नाम का प्रचार प्रसार करवाता था। अपने आपको बड़ा आदमी बताने में लगा रहता था। इसके द्वारा सेक्टर 6 स्थित एक मंदिर में नलकूप खनन करवा कर पैसे भी नहीं लिए गए थे।




उप्पल की जांच छत्तीसगढ़ पुलिस और मुंबई पुलिस के अलावा कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा की जा रही है। संघीय जांच एजेंसी ने अक्टूबर में छत्तीसगढ़ के रायपुर में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष उप्पल और इंटरनेट-आधारित प्लेटफॉर्म के एक अन्य प्रमोटर, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग आरोप पत्र दायर किया था। इस कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने अक्तूबर में छत्तीसगढ़ के रायपुर में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। एक विशेष अदालत के समक्ष उप्पल और महादेव एप एक अन्य प्रमोटर, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग आरोप पत्र दायर किया था। बाद में ईडी के अनुरोध के आधार पर इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया। ईडी ने आरोप पत्र में अदालत को बताया था कि उप्पल ने प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश-वानुअतु का पासपोर्ट लिया है। हालांकि, उसने भारत की नागरिकता नहीं छोड़ी है। ईडी के अनुसार उप्पल की आमदनी आपराधिक है। इसके साथ वह करोड़ों रुपये छिपाने में भी शामिल है।

खबरों के अनुसार, महादेव ऑनलाइन बुक सट्टेबाजी एप्लिकेशन प्रमुख सिंडिकेट है। इसकी मदद से अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट्स संचालित की जाती हैं। महादेव एप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का बंदोबस्त करता है। कंपनी के प्रमोटर छत्तीसगढ़ के भिलाई से हैं। मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक महादेव ऑनलाइन बुक एप का संचालन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से किया गया, जो इसका केंद्रीय प्रधान कार्यालय है। एप मालिक और सट्टेबाजी में संलिप्त लोग सहयोगियों को 70-30 प्रतिशत लाभ अनुपात पर पैनल/शाखाओं की फ्रेंचाइजी देते थे। ईडी का आरोप है कि इस कथित घोटाले में सट्टेबाजी की आय विदेशी खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेशन किया जाता है। बड़ी कमाई और लुभावने फायदों की तरफ नए लोगों को आकर्षित करने के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों का विज्ञापन भी किया गया। ईडी ने एड के लिए भारत में बड़े पैमाने पर नकदी खर्च किए जाने के आरोप भी लगाए हैं।

## लोधी पारा में आगजनी की घटना, कई दुकानों में लगी आग

**रायपुर।** राजधानी के लोधी पारा स्थित बाजार के कई दुकानों में लगी भीषण आग लगी है। आग लगने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दे दी गई है. इस घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। लोधी पारा स्थित बाजार समृद्धि में स्थित सब्जी दुकान में अचानक आग लग गई। धीरे-धीरे आग की लपटे बढ़ने लगी और अन्य दुकानों तक फैल गई। दुकानों में रखा समान ब्लास्ट होने लगा। वहीं मौके पर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की. जिसमें सफलता नहीं मिलने के बाद फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी गई. जिसके बाद दमकल की पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया।

## मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले विष्णु देव साय ने अपनी माता का लिया आशीर्वाद



**रायपुर, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

शपथ ग्रहण समारोह के पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी माता जी का आशीर्वाद लेने अपने पुरेना स्थित निवास स्थान पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी का आशीर्वाद लिया। अपने बेटे की सफलता से भावुक हुई माँ ने उन्हें अपने गले लगा लिया और आशीर्वाद दिया। फिर वे परिवार के अन्य सदस्यों से भी मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलराम जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## लोकसभा में अदाणी से जुड़े आरोपों पर चर्चा की मांग
## कांग्रेस का आरोप- जनगणना में जानबूझकर देरी

**नईदिल्ली, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**



संसद के शीत सत्र के आठवें दिन आज पीएम नरेंद्र मोदी सुबह-सुबह ही संसद भवन पहुंच गए। यहां उन्होंने संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए हमलों के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इस दौरान पीए ममोदी ने संसद भवन पर हमले में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। संसद के शीतकालीन सत्र में दूसरे देश में भारतीयों पर कार्रवाई के मुद्दे की गूंज भी सुनाई दी। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कतर में पूर्व नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाए जाने के मामले पर चर्चा की मांग की। लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस देते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा पूर्व नौसैनिकों की वर्तमान स्थिति और उन्हें भारत वापस लाने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की मांग की। कतर में जिन पूर्व नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाई गई है उनमें चार कमांडर अमित नागपाल, पूर्णेन्दु तिवारी, सुग्नाकर पकाला और संजीव गुप्ता, सेलर रागेश, तीन कैप्टन- बीरेंद्र कुमार वर्मा, नवतेज सिंह गिल और सौरभ वशिष्ठ शामिल हैं।

एक अन्य कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने भी लोकसभा महासचिव के पास कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया। उन्होंने जनगणना शुरू करने में केंद्र सरकार की तरफ से असामान्य और जानबूझकर देरी किए जाने का आरोप लगाया। मणिकम टैगोर ने जनगणना के मुद्दे पर चर्चा के बाद सरकार को तत्काल जनगणना प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने की मांग भी की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया है। उन्होंने अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी के औद्योगिक घराने से जुड़े घोटाले के आरोपों की जांच की मांग की है। गौरव गोगोई ने लोकसभा स्पीकर से कहा कि सदन की कार्यवाही में शामिल अन्य सभी गतिविधियों को रोक कर अदाणी समूह पर लगे आरोपों पर चर्चा की जाए। पीएम मोदी और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन पर हमले में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान एक मौके पर पीएम मोदी बच्चों के साथ घुलतृे-मिलते भी दिखाई दिए।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां तेज टेंट सिटी में दिल्ली, महाराष्ट्र व पंजाबी भोजनालय भी



**अयोध्या, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

22 जनवरी को आयोजित होने वाले रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने वाले अतिथियों के लिए विशेष प्रबंध हो रहे हैं। इस अवसर पर देश के सभी प्रांतों के व्यंजनों के भंडारे चलेंगे। बाग बिजेसी के तीर्थ क्षेत्र पुरम में 20 हजार अतिथियों के लिए आवासीय व्यवस्था की जा रही है। यहां छह स्थलों पर भोजनालय चलेगा, जिसमें तीन संचालकों का चयन हो चुका है। इसी परिसर में दिल्ली, महाराष्ट्र, नागपुर व पंजाब के विशेषज्ञ भंडारा संचालित करेंगे। भोजनालय व्यवस्था के प्रमुख विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने बाग बिजेसी में संपूर्ण व्यवस्था देखने वाले क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह को इसकी जानकारी दी। यहां के लिए अन्य भंडारा संचालकों के बारे में जानकारी जल्द देंगे। इसके अतिरिक्त मणिराम दास जी की छावनी व कारसेवकपुरम में भी भंडारा चलेगा। संचालक संबंधित प्रांतों के भोजन बनाने वाले विशेषज्ञ व सामग्री भी लाएंगे। हिंदी भाषी प्रदेश के अलावा तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा, तेलंगाना सहित दक्षिण भारत के भंडारा संचालकों का नाम चयनित हो चुका है। 35 स्टालों पर भंडारा चलाने की योजना है। हालांकि अधिकांश संचालक रामजन्मभूमि पथ के निकट भंडारे के लिए स्थल के इच्छुक हैं।

इस उत्सव में पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र के खानपान से जुड़े एक से अधिक भंडारे चलाए जाएंगे। इसमें देश-विदेश के अतिथि व श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। इसमें उत्तर भारत के अलावा दक्षिण भारत के लोकप्रिय व्यंजन परोसे जाएंगे। यहां के कुछ जगह पर पूड़ी, साग व हलुआ, तो कहीं पर दिल्ली का राजमा-चावल व पंजाबी भक्तों के लिए छोला-भटूरा, हलुवा, पराठा तक सुलभ कराया जाएगा। महाराष्ट्र की पावभाजी, राजस्थान की दाल बाटी व चूरमा का स्वाद भी भक्त ले सकेंगे। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल की खास इडली, डोसा व सांभर भी मिलेगा।

## इंडिगो पायलट पहुंचा बॉम्बे हाईकोर्ट, उड़ान के दौरान कृपाण ले जाने की अनुमति के लिए दाखिल की याचिका



**मुंबई, 13 दिसम्बर ।**

निजी एयरलाइन इंडिगो के एक कर्मचारी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कर्मचारी ने हाईकोर्ट से मांग की है कि वह केंद्र सरकार को निर्देश दे कि उड़ान के दौरान कृपाण ले जाने की अनुमति दी जाए। कृपाण एक घुमावदार ब्लेड वाला एक छाटो सा चाकू है। कृपाण सिख खालसा के पांच विशिष्ट लक्ष्णों में से एक है। इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन के पायलट अंगद सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। अंगद ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता है और इसी वजह से उन्हें कृपाण ले जाने का अधिकार है। मामले में जस्टिस नितिन साम्ब्रे और जस्टिस अभय मंत्री की पीठ ने सोमवार को केंद्र सरकार और एयरलाइन को नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है।

## गाजा में छिपे आतंकियों का सफाया करने को इस्राइल की नई तरकीब, समुद्री पानी से हमास की सुरंगों को भर रहा

**वाशिंगटन, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**



इस्राइल-हमास संघर्ष दो महीने से अधिक समय से जारी है। जहां एक तरफ फलस्तीन संघर्ष को रोकने का समर्थन मांग रहा है, तो वहीं इस्राइल की जवाबी कार्रवाई और कड़ी होती जा रही है। इस्राइल ने हमास के आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है और इसके लिए वह नए-नए कदम उठा भी रहा है। अब इस्राइली रक्षा बलों ने सुरंगों में छिपे आतंकियों को बाहर निकालने और उन्हें मिटाने के लिए समुद्र के पानी का सहारा लिया है।

एक रिपोर्ट में अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को बताया कि इस्राइली सेना गाजा में हमास की सुरंगों को समुद्र के पानी से भर रहा है। इससे सुरंगों को नष्ट करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि इस्राइल का मानना है कि हमास बंधकों, लड़ाकों और युद्ध सामग्री को छिपाने के लिए सुरंगों का सहारा ले रहा है। हालांकि, समुद्री पानी की मदद से सुरंगों को नष्ट करने की प्रक्रिया में हफ्तों का समय लग सकता है।

## हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में शीतलहर, पारा शून्य से नीचे पहुंचा

**शिमला, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हिमाचल व उत्तराखंड की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सुबह और शाम को गलन भरी ठंड है। केदारनाथ, बदरीनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री में मंगलवार दोपहर बाद से ही बर्फबारी शुरू हो गई। फूलों की घाटी, हेमकुंड साहिब, तुंगनाथ, मद्महेश्वर, हर्षिल आदि क्षेत्र भी बर्फ से ढक गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पहाड़ों पर बारिश का अनुमान जताया है। केदारनाथ धाम में तापमान माइनस 7 तक पहुंच गया है। कश्मीर में तापमान में वृद्धि हुई लेकिन न्यूनतम तापमान अब भी शून्य से नीचे है। श्रीनगर में भी सोमवार की सुबह इस मौसम की सबसे सर्द रही। न्यूनतम तापमान माइनस 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मध्य और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकतर हिस्सों में दिसंबर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान के सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।



वहीं, हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को दिन भर हल्के बादल छाए रहने के साथ धूप खिली। कुल्लू और लाहौल घाटी में सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक मौसम खराब रहा। रोहतांग के साथ बारालाचा, सेवन सिस्टर पीक, हनुमान टिब्बा सहित ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है।

## मुश्किलों में फंसे धीरज साहू के तारणहार बने इरफान अंसारी, कहा- भाजपा वाले क्यों इतना बोल रहे हैं



**रांची, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से भारी नकदी बरामदगी राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे लेकर कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भी सवालों के घेरे में है। हालांकि, कांग्रेस आलाकमान ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि धीरज प्रसाद साहू को नकदी के स्त्रोत का पूरा विवरण देना चाहिए। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर सवाल उठने के बाद उनके एक्स अकाउंट से पुरानी पोस्ट भी हटाई जा रही है। उनके ठिकानों से नकदी बरामद होने के बाद काला धन को लेकर उनके एक पुराने ट्वीट की बहुत खिल्ली उड़ाई गई। इसमें उन्होंने लिखा था कि काला धन को देखकर मन व्यथित हो जाता है। कांग्रेस पार्टी ही देश से भ्रष्टाचार खत्म कर सकती है। तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हारने वाले कांग्रेस वैसे ही निराशाजनक स्थिति से गुजर रही है। ऐसे में धीरज साहू को लेकर भाजपा का आक्रामक रवैया उसके लिए मुसीबत का सबब बन सकता है। यही कारण है कि उन्होंने कालेधन को लेकर अपनी पुरानी पोस्ट हटा दी है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## सिवान के डीईओ मिथिलेश कुमार निलंबित, शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की संपत्ति का हुआ था खुलासा

**सिवान, 13 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सिवान के धनकुबेर जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार यानी 8 दिसंबर को उनके कई ठिकानों पर निगरानी विभाग द्वारा छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान करोड़ों की संपत्ति का पता चला था। इतना ही दिल्ली समेत कई जगहों पर अचल संपत्ति की भी जानकारी मिली थी। सुबह नौ बजे निगरानी की चार सदस्यीय टीम ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ मिलकर सिवान के डीईओ के घर पहुंचकर छापेमारी की थी। इस दौरान टीम ने उनके आवास की गहनता पूर्वक जांच की थी।दरअसल, डीईओ सिवान पर केस नंबर 036/23 के तहत आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है। इसी को लेकर निगरानी विभाग ने छापेमारी की थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही थी कि रेड पड़ने के तुरंत बाद मिथिलेश कुमार छुट्टी पर चले गए थे। अब शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। निगरानी विभाग ने डीईओ मिथिलेश कुमार के 7 बैंक खाते भी सीज कर दिए थे। सिवान में 14 लाख कैश, पटना में फ्लैट और प्लॉट, पटना आवास से दो लाख रुपये कैश भी मिले थे। इतना ही नहीं मिथिलेश कुमार ने अपने रिश्तेदारों के नाम भी कई बेनामी संपत्ति खरीद रखी थी।

### डिस्ट्रिक्ट सब रजिस्ट्रार पर ओडिशा विजिलेंस का छापा

*नयागढ़। आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में नयागढ़ के डिस्ट्रिक्ट सब रजिस्ट्रार पर ओडिशा विजिलेंस का छापा पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नयागढ़ के डिस्ट्रिक्ट सब रजिस्ट्रार सास्वत कुमार पटनायक के यहां छापेमारी की गई। ओडिशा विजिलेंस द्वारा एक साथ घरों की तलाशी ली जा रही है। विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, भुवनेश्वर द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर घर की तलाशी का नेतृत्व आठ डीएसपी, छह इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारी कर रहे हैं। विश्वसनीय रिपोर्टों के अनुसार, नयागढ़ और केंद्रपाड़ा में निम्नलिखित छह स्थानों पर ओडिशा सतर्कता छापे मारे जा रहे हैं।*

## दिग्गज मराठी अभिनेता रवींद्र बेर्डे का निधन 78 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



**मुंबई।** मराठी फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज मराठी अभिनेता रवींद्र बेर्डे का निधन हो गया है। 78 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। रवींद्र बेर्डे ने अपने रोल से मराठी सिनेमा में अलग पहचान बनाई। वे पिछले कुछ समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे। कुछ महीने से उनका इलाज टाटा अस्पताल में चल रहा था। अभिनेता के अलावा रवीन्द्र बेर्डे की एक और पहचान यह है कि वे लक्ष्मीकांत बेर्डे के भाई थे। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम भी किया।

# हादसे में पांच जिंदगी खत्म, अब किये जाएंगे नए उपाये

**जांजगीर - चांपा ।** पकरिया झूलन के जंगल के पास तीन दिन पहले ट्रक की ठोकर से कार सवार दूल्हा दुल्हन सहित पांच लोगों की जान चली गई। पांच लोगों की मौत के बाद अब प्रशासन जागा है और अब दुर्घटना रोकने के उपाय किए जाएंगे। इसके लिए मंगलवार को अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया । जबकि पूर्व में डेढ़ साल पहले भी इसी स्थान पर कार पलटने से तीन बारातियों की मौत हुई थी।



जिले की सड़कें आए दिन खून से लाल हो रही है। बड़े वाहनों की ठोकर से बाइक और कार सवार लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। शनिवार को बलौदा के सोनी परिवार से शिवरीनारायण बारात गई थी। सभी लोग दुल्हन की विदाई कराकर रविवार की सुबह कार से वापस बलौदा लौट रहे थे। सुबह करीब 9 बजे पकरिया जंगल में चंडी देवी मंदिर के पास अकलतरा की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को ठोकर मार दी। आमने- सामने ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में मौके पर ही दूल्हा दुल्हन सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नींद से जागे। दोबारा उस स्थान पर इस तरह की दुर्घटना न हो इसे रोकने के लिए मंगलवार को अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें एसडीएम अकलतरा विक्रांत आंचल, एएसपी अनिल सोनी, एसडीओपी प्रदीप सोरी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ डीजी साय, यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी और मुलमुला थाना प्रभारी सागर पाठक शामिल थे।

अधिकारियों की टीम ने स्थल निरीक्षण में पाया कि पांच सौ मीटर आगे मोड़ है जिसकी वजह से सामने से आ रहे वाहन नजर नहीं आता है जिसकी वजह से वहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। दुर्घटना रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर, गति सीमा नियंत्रण बोर्ड, आसपास के पेड़ों की छटाई, पेड़ों में और सड़क पर रेडियम पट्टी और सड़क की चौड़ाई बढाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा । ज्ञात हो कि डेढ़ साल पूर्व भी अप्रैल 2022 को पकरिया जंगल के इसी स्थान पर बारातियों से भरी एक कार पलट गई थी जिसमें पचपेड़ी मस्तुरी के रहने वाले तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे। इस दुर्घटना के बाद भी यदि प्रशासन कुछ उपाय कर लेता तो शायद रविवार को उसकी पुनरावृत्ति न हुई होती ।

### एसपी ने भी किया मौका निरीक्षण

एसपी विजय अग्रवाल ने भी पकरिया जंगल के पास रविवार को जिस स्थान पर दुर्घटना हुई थी उस स्थान का निरीक्षण किया। मौका निरीक्षण के बाद उन्होंने यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी को सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए।

## अनैतिक कारोबार पर कार्रवाई तीन पकड़ाए

**जांजगीर - चांपा ।** देह व्यापार का अवैध कारोबार शहर में लंबे समय से संचालित हो रहा है। पुलिस ने देह व्यापार संचालित करने वाली महिला के साथ ही बाहर से बुलाई गई एक अन्य महिला और दो युवकों को गिरफ्तार किया है।साइबर सेल की टीम को 11 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि जगदल्ला चाम्पा में एक महिला अपने घर में अवैध रूप से देह व्यापार का संचालन कर रही है। सूचना पर एसडीओपी जांजगीर प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश दी गई।

पुलिस ने एक महिला के साथ दारंग निवासी निर्मल प्रसाद बरेठ और नागपुर महाराष्ट्र के दिगोरी, सक्करदारा निवासी राजेन्द्र खोबरागड़े को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री और 2 नग मोबाईल बरामद की तथा दो बाइक भी बरामद की। पुलिस ने भादवि की धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक ब्यपार निवारण अधिनियम 1956 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने आरोपित युवक निर्मल प्रसाद बरेठ और राजेन्द्र खोबरागड़, संचालिका एवं



एक अन्य महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

**पीटा एक्ट के बाद भी नहीं हो रही थी कार्रवाई**

चांपा शहर में वैसे तो लंबे समय से देह व्यापार का अवैध कारोबार चल रहा है। मगर पुलिस के द्वारा कभी कभार ही कार्रवाई की जाती है। पीटा एक्ट लागू होने के बाद भी शहर में लंबे समय से एक महिला देह व्यापार का अवैध कारोबार संचालित कर रही थी । मगर स्थानीय पुलिस कार्रवाई करने से बच रही थी।

### नियम तोड़ने पर पेनाल्टी

**चांपा।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11.12.2023 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 84

## बेमुद्दत हड़ताल पर गए ग्रामीण डाक सेवक, काम बाधित

**सक्ती ।** ग्रामीण डाक सेवक अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आज 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र में डाक व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीण डाक सेवक शहर के मुख्य डाकघर परिसर में धरना आंदोलन पर डटे हुए हैं।डाक कर्मचारियोंकी प्रमुख मांगों में 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ दिया जाए।

कमलेश चन्द्र कमेटी की सभी सिफारीस को लागू करना जैसे = 12, 14, 36, 5 लाख ग्रेजवेटी, 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान किया जाए। ग्रामीण डाक सेवक की टीआरसीए में सेवा निर्वहन लाभ 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करें और ग्रामीण डाक सेवक को पेंशन प्रदान करें। ग्रामीण डाक सेवक को सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे- आईपीपीबी, आरपीएलआई, बचत योजना मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार के गणना की जाए। व्यावसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाकसेवक कर्मचारियों को उनके स्वयं के मोबाईल, फेसबुक ईष्टाग्राम , इंटरनेट मिडिया का पालन करने के लिए



बिना उनकी इच्छा एवं जानकारी के विरूद्ध स्वयं के मोबाईल उपकरणों का प्रयोग रोका जाय ।

सामान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर नियमित कर्मचारी के समान वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाए। शाखा डाकघरों का कार्य बढाने के लिए सभी शाखा डाकघरों को लेपटाप, प्रिंटर और ब्राडबेंड नेटवर्क दी जाए। संगठन सचिव ईश्वर दास वैष्णव ने बताया कि ग्रामीण डाक कर्मचारी पूर्व में भी अपनी मांग को लेकर हड़ताल कर चुके हैं। मगर उनकी समस्याओं पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। इसलिए फिर से अपनी सभी मांगों को लेकर पूर्ण रूप से कार्य बंद करके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

हड़ताल पर संगठन सचिव ईश्वर दास वैष्णव, देव प्रसाद यादव, हरीश देवांगन, गिरधारी, सुभाष, रमेश, वेद राम देवांगन, ईश्वर दास सहित महिला कर्मचारी भी उपस्थित रही।

## तालाब में डूबे युवक का शव मिला 40घंटे बाद

**बलौदा।** नगर के घुन्नी तालाब में रविवार को डूबे युवक का शव 40 घंटे के बाद मिला। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की मदद से दिन रात रेस्क्यू अभियान चलाया ।नगर पंचायत बलौदा के वार्ड 5 में घुन्नी तालाब है। रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे नगर का आनन्द तंबोली (22 ) पिता सतीश तम्बोली नहाने के दौरान तालाब के बीच में पहुंच गया और वह डूबने लगा। आनंद को डूबते देख तालाब में नहा रहे अन्य युवक ने लोगों को बचाने के लिए आवाज लगाई। एक साथी आनंद को बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। कुछ देर तक वह उसे निकालने का प्रयास किया। आखिरकार उसके हाथ से आनंद के सिर का बाल छूट गया और वह गहरे पानी में डूब गया।

साथी ने उसे बहुत खोजने का प्रयास किया , लेकिन वह नहीं मिला । उसने इसकी सूचना स्वजन को दी । रविवार को दोपहर से बलौदा पुलिस की टीम व स्थानीय मछुआरे के द्वारा



भी जाल से युवक की तालाब में खोजबीन की गई मगर कुछ पता नहीं चला । सोमवार को गोताखोर की टीम मोटर वोट मांगकर व बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए बुलाया गया ।

सोमवार को भी पूरे दिनभर रेस्क्यू किया गया। काफी खोजबीन के बाद भी आनंद का कुछ पता नहीं चल सका। बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा अपनी टीम व गोताखोर के साथ देर रात तक आनंद की खोजबीन में लगे रहे। एसडीआरएफ की टीम को मंगलवार की सुबह 11 बजे रेस्क्यू में सफलता मिली और 40 घंटे बाद युवक का शव तालाब में मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद शव को स्वजन को सौंप दिया गया।

## चांपा प्रीमियर लीग सीजन 03 आगामी 17 से, भालेराय मैदान में जोर-शोर से चल रही तैयारी



**चांपा।** मॉर्निंग क्रिकेट फैमिली के तत्वावधान में चांपा प्रीमियर लीग सीजन 03 (सीपीएल) का आयोजन 17 दिसम्बर से होने जा रहा है, जिसमें पूरी मॉर्निंग फैमिली आयोजन को सफल बनाने में दिन रात मेहनत कर रही है।

इस बार का सीपीएल बहुत ही खास है, क्योंकि इस बार आईपीएल की तर्ज में 7 टीमो को बाँटा गया है और चांपा के ही 7 प्रायोजकों को मालिकाना हक दिया गया है। लगातार दो सफल आयोजनों के उपरांत इस वर्ष भी सीपीएल 3 को और भी ज़्यादा रोमांचकारी और हाईटेक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मैदान बनाने में ही हजारों रुपये खर्च किया जा रहा है। पिच और मैदान को रोलिंग करके लगातार पानी देने का काम किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को खेलने में कोई दिक्क़त का सामना ना करना पड़े। साथ ही चोटिल होने की संभावना कम रहे।

इस बार सीपीएल यूट्यूब में भी लाइव दिखाया जाएगा और स्कोरकार्ड, टीम व खिलाड़ियों की सारी जानकारियाँ crick-heroes में मध्यम से मिल जायेंगी। सीपीएल में खेल रहे खिलाड़ियों ने भी चांपावासियों को टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की है। आज नगरपालिका अध्यक्ष जय थवाईत ने मैदान का जायजा लिया। खिलाड़ियों ने शासन और प्रसाशन से आग्रह किया है कि खेल मैदान को खेल मैदान ही रहने दे, खेल के अलावा कोई और आयोजन न हो।

ज्ञात हो कि चाँपा के इकलौते मैदान में अनेक कार्यक्रमों आयोजन के साथ फटाके एवं अन्य अवसरों पर अनेक स्टाल भी लगाये जाते है, जिससे मैदान की दुर्दशा देखने लायक़ नहीं होती। दूसरी तरफ़ नशेडी और असामाजिक तत्वों का रात को यहाँ डेरा रहता है। शराब पीने वाले लोग यहाँ पर शराब की शीशी को फोड़कर निकल जाते है, जिससे कई खिलाड़ियों के पैर भी कई बार कट चुके है। बार बार शिकायत करने के उपरांत भी प्रशासन कोई कठोर कदम ही नहीं उठा पा रहा है। शायद उन्हें कोई बड़ी घटना होने का इंतज़ार है।

### प्रधानमंत्री की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमंडल के सदस्य आज लेंगे शपथ

**जांजगीर चांपा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य 13 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण करेंगे।कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्देशन में जिले के नवनिर्मित ऑडिटोरियम सहित सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में होगा शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा। जिले के ज्यादा से ज्यादा लोग शपथ ग्रहण को देख सके इसके लिए जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में एल.ई.डी. स्क्रीन, टीवी सेट भी लगाए जा रहे है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के प्रसारण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

### प्लेसमेंट कैंप से दूरी- 80 पदों के लिए 43 युवा ही पहुंचे

**जांजगीर चांपा।** आचार संहिता हटने के बाद रोजगार कार्यालय जांजगीर में मंगलवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। इसमें बेरोजगारों ने रूचि नहीं दिखाई। 80 पदों के लिए मात्र 43 युवा ही पहुंचे। इनमें से 5 युवाओं का चयन हुआ। वहीं 12 युवाओं को शार्टलिस्ट किया गया। प्लेसमेंट कैंप होने के बावजूद गिनती के ही लोग पहुंचे जिससे ज्यादातर समय कंपनी के प्रतिनिधि खाली बैठे नजर आए। गौरतलब है कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था।

### लोकसभा चुनाव से पूर्व वोटर लिस्ट का परीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाल द्वारा आज फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसंबर से 05 जनवरी 2024 तक मतदान केन्द्रो का युक्तियुक्तकरण, मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन की कार्यवाही की जाएगी। 06 जनवरी 2024 को एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

ईकोर्ट रा.प्र.क्र. / अ-2/2022-23

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम खांडा प.ह.नं.07 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक नागेन्द्र प्रसाद आ. बबउ जाति गोंड़ निवासी डोमनहील तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम खांडा स्थित प.ह.नं.07 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया स्थित भूमि ख.नं. 645/4 रकबा 0.0400 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 22.12.23 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

(सील)


## राशन दुकानों के सामने दलालों की सक्रियता ने पीडीएस व्यवस्था पर सवाल उठाये



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर की सरकारी राशन दुकानों में चावल की हेराफेरी थमने का नाम ही नहीं ले रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर की 80 प्रतिशत से ज्यादा सरकारी राशन दुकानों के सामने चावल दलाल सक्रिय हैं, जो कि यहां आने वाले हितग्राहियों से चावल खरीदते हैं और इसे राइस मिलर्स को बेचते हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय जांजगीर के कुछ राशन दुकानों के सेल्समैन ही इसका राशन खरीद रहे हैं, जबकि शासन की ओर से आदेश जारी कर सरकारी चावल की अवैध खरीदी-बिक्री पर दंडात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए थे, इसके बावजूद जिला प्रशासन की पकड़ में अब तक एक भी दलाल नहीं आए हैं। बता दें कि जिला मुख्यालय जांजगीर में संचालित शासकीय राशन दुकानों में कार्डधारियों से सरकारी चावल 15 से 16 रुपए में खरीदकर दलालों द्वारा इसे राइस मिलों को सप्लाई किया जा रहा है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग की जांच के दायरे में कुछ राशन दुकान संचालक भी हैं। दुकान संचालक भी खुद ही दुकानों में कार्डधारियों को चावल के बदले पैसे दे रहे हैं।

**ऐसे चलता है मुफ्त से 35 रुपए तक का खेल**

शहर की सभी सरकारी राशन दुकानों के सामने राइस मिलर्स के दलालों का डेरा जमा हुआ है। करीब 80 प्रतिशत दुकानों के सामने दलाल मौजूद होते हैं, जो पीडीएस से उपभोक्ताओं को फ्री मिलने वाला चावल 16-20 रुपए प्रति किलो की दर पर खरीदते हैं और उसे करीब 35 रुपए प्रति किलो की दर पर मिलरों को बेच देते हैं। फिर यही चावल मिलिंग कर 60 रुपए में बेचा जाता है।

**इस तरह की कार्रवाई का है प्रविधान**

राशन कार्डधारियों द्वारा चावल बेचे जाने पर कार्ड रद्द करने की कार्रवाई।

खरीदने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआइआर।

सरकारी दुकानदार द्वारा चावल खरीदने की शिकायत पर दुकान सस्पेंड होने के साथ ही एफआइआर।

सरकारी चावल का अवैध परिवहन करते वाहन पकड़े जाने पर वाहन जब्ती की कार्रवाई।

**अधिकतम सात वर्ष की सजा का प्रविधान**

शासन द्वारा सरकारी राशन की खरीद फरोख्त को बंद करने के लिए कड़े नियम बनाए हैं, जिसके तहत अगर बिचैलिया या फिर कोई भी दुकानदार राशनकार्ड धारकों की सामग्री खरीदता है, तो उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 के तहत कार्रवाई करने का नियम है, जिसमें अधिकतम सात साल तक की सजा का प्रविधान भी किया गया है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव/नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को सफल बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

### धान खरीदी के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन व रखरखाव के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन आम जनता को शासन की योजनाओं की जानकारी पहुँचाने एवं जिन नागरिकों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें योजनाओं की पूरी जानकारी देकर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार प्रसार वैन द्वारा ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में पहुँचकर जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले को 06 नग प्रचार-प्रसार वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आवंटित की गई हैं।

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए धान खरीदी के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन व उपार्जित धान के सुरक्षित रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में धान को भीगने से बचाने के लिए कैप कवर, पानी निकासी, धान के सुरक्षित रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ सभी नोडल अधिकारी, एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, अधार सीडिंग, जल-जीवन मिशन आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ मनीष कश्यप, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत ,जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित है।

### कलेक्टर, एसपी एवं सेना के अधिकारियों ने लिया सेना भर्ती के तैयारियों का जायजा एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय सेना में अग्निवीर व थल सेना की भर्ती का आयोजन 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाइन खोखराभांठा जांजगीर में होगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सेना के सहायक भर्ती अधिकारी सतीश कुमार बी ने सेना भर्ती की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सेना भर्ती रैली स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा एवं एम्बुलेंस, वाहन व्यवस्था, बस स्टैण्ड एवं मेला स्थल पर पूछताछ एवं मार्गदर्शन केन्द्र, पेयजल, शौचालय, साफ सफाई, विद्युत एवं जनरेटर, अभ्यर्थी हेतु आवास स्थल की व्यवस्था, ट्रैफिक, इंटरनेट व्यवस्था, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह, एसडीएम चांपा निरनिधि नंदेहा, सेना के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## छात्रा के लापता होने से परिजन चिंतित

**कोरबा।** कटघोरा में एक हाईस्कूल छात्रा दो दिन से लापता है। उसके नहीं मिलने से परिजन चिंतित हैं। कटघोरा में हाई स्कूल की एक 15 वर्षीय छात्रा स्कूल जाने के लिए बकायदा स्कूल ड्रेस में सुबह 8 बजे निकली थी, जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी तो उसके पालक ने उसे गुमशुदा होने की रिपोर्ट कटघोरा थाने में दर्ज करा दी। कटघोरा पुलिस ने अपेने स्तर पर उपरोक्त छात्रा के तलाश शुरू कर दी। इधर उसके पालक ने भी अपनी पुत्री के संबंध में सूचना देने वाले को ईनाम देने की भी घोषणा कर रखी है।

## गायत्री मंदिर में अनुष्ठान

कोरबा। राम जन्मभूमि सेवा महोत्व के अंतर्गत अयोध्या से आए अक्षत कलश की स्थापना गायत्री शक्तिपीठ में की गई है। 17 दिसंबर तक यहां विभिन्न अनुष्ठान होंगे। प्रतिदिन कलश के दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

# नई सरकार के साथ बेहतर ट्यूनिंग वालों को जिले में मिल सकता है काम करने का मौका

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव में 54 सीटों पर विजयश्री हासिल करने के साथ भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सिंहासन प्राप्त कर लिया है। मुख्यमंत्री के आज शपथ ग्रहण के साथ जल्द ही नई सरकार का कामकाज शुरू हो जाएगा। प्रदेश के सर्वाधिक राजस्व देने वाले कोरबा जिले में प्रशासन के विभिन्न विभागों में काम करने को लेकर अधिकारियों की महत्वाकांक्षा बढ़ी हुई है। प्रशासनिक क्षेत्र के जानकारी बताते हैं कि भाजपा की रीति-नीति के हिसाब से वही चेहरे पसंद हो सकते हैं जिनकी ट्यूनिंग बेहतर होगी।

बीते पांच वर्षों में कोरबा जिले में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को अधिक समय तक काम करने का मौका नहीं मिल सका। बहुत जल्दी-जल्दी उनके स्थानांतरण हुए। ऐसे में स्थायित्व की कमी होने के कारण कामकाज बाधित हुआ और कई प्रकार की दिक्कतें आई। दूसरे विभागों में भी इस प्रकार की तस्वीरें नजर आई।



विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही प्रमुख अधिकारी बदले गए जो अब तक अपने पद पर बने हुए हैं। इसे परंपरा कहें या नीतिगत मामला, राज्य में में सत्ता का केंद्र बदलने के साथ नई सरकार बड़े पैमाने पर स्थानांतरण करती है और अपने हिसाब से नए अधिकारियों को पदस्थ करती है। ऐसे में समझा जा रहा है कि गुड बुक में जो अधिकारी बने हुए हैं, उन्हें कम से कम कोरबा जिले में अपन क्षमता दिखाने का अवसर जरूर प्राप्त होगा। जिले में प्रशासन के कामकाज के साथ-साथ जिला खनिज न्यास अपने आपमें अहम् संस्थान है जिसका बजट एक हजार करोड़ से ज्यादा का है। बीते वर्षों में इसी को लेकर सबसे अधिक विवाद हुआ और कई अधिकारी नप गए। इसलिए कुछ समय से इस मामले में सोच-समझकर कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

कोरबा जिले में आदिवासी विकास, आईसीडीएस, पीएमजीएसवाय और वन विभाग ने अपने कार्यों को लेकर सुर्खियां बटोरी, इसलिए इनके अधिकारियों को काफी जल्द यहां से वहां करना पड़ा। कुछ यही हाल कोरबा जिले में शिक्षा विभाग का है। शिक्षकों के स्थानांतरण के साथ-साथ नवीन पदस्थापना के नाम पर अवैध उगाही का मामला काफी समय से छाया हुआ है। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और उनके नीचे काम कर रहे सहायक संचालक की भूमिका पर उंगलियां उठती रही है। अलग-अलग स्तर पर मुख्य सचिव से लेकर कई अधिकारियों के पास इसकी शिकायतें हुई है। ऐसे में लगभग तय माना जा रहा है कि नई सरकार के फार्म में आने के साथ कम से कम इन विभागों में परिवर्तन होना स्वाभाविक है।

0 योग्य अधिकारियों की तलाश

माना जाता है कि हर सरकार के अपने मापदंड होते हैं और वह विशेष कारणों से योग्य अधिकारियों की तलाश करती ही है। कोरबा में नगर निगम के साथ-साथ कई विभाग ऐसे हैं जहां अधिकारियों को काम करते अरसा हो गया है। लेकिन उनका परफार्मेंस कुछ ऐसा है कि चाहकर भी दूसरा विकल्प पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और स्कूल शिक्षा जैसे विभागों की तस्वीर इस मामले में कमोबेश ऐसी ही है। बताया जाता है कि जिले में अपनी संस्था के स्वाभाव को बेहतर ढंग से समझने और किसी भी स्थिति में काम निकालने का गुण जिन अधिकारियों में है, वे सामान्य तौर पर हर सरकार में एडजस्ट हो जाते हैं।

## थाना चौकी स्तर पर एक बार और होगा आंशिक फेरबदल

**कोरबा।** जिले के पुलिस महकमे में कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से कसावट लाने के लिए एक बार और आंशिक फेर बदल किये जाने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस बार के फेर बदल में किसपर गाज गिरेगी और कौन उपकृत होगा, इसे लेकर अंदर ही अंदर पुलिस कर्मियों में गुप्त गू शुरू हो गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों जिले में सात निरीक्षकों एवं दो उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण विभागीय कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान जितेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया था। हालांकि कुछ अन्य थाना एवं चौकियों में पहले से ही पदस्थापित किये गए प्रभारी अपना प्रभार संभाल रहे हैं,ऐसे में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की दृष्टि से अभी और कसावट लाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विशेष कर सिविल लाईन थाना क्षेत्र रामपुर में जिसके अंतर्गत जिले के सभी विभागीय मुख्यालय विद्युत विभाग की कालोनियां, हाऊसिंह बोर्ड के अलावा नगर पालिक निगम की कालोनियां तथा अन्य प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी आते हैं। यहां विगत कुछ माह के अंदर कई एक प्रभारी आये और गए लेकिन अपराध नियंत्रण जिस तरह से किया जाना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है।

बताया जाता है कि सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पाश कालोनियों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों, चिकित्सालय आदि तमाम प्रमुख क्षेत्रों को देखते हुए अभी भी इस क्षेत्र में पुलिस की सख्त चौकसी की आवश्यकता बनी हुई है। इसे देखते हुए सिविल लाईन थाना क्षेत्र में स्टाफ बढ़ाये जाने तथा तेज तर्रार पुलिस कर्मियों के पदस्थापना किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पिछले दिनों हुए स्थानांतरण के बाद भी जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों के प्रभारी स्तर पर आंशिक फेर बदल किये जाने की जो सुगबुगाहट शुरू हुई है उस पर अमल 31 दिसंबर 23 से पहले होता है या नववर्ष 2024 में इसका आगाज होता है। इस ओर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## एचएमएस गेवरा क्षेत्रीय इकाई के यश अध्यक्ष, रॉबिन्सन सचिव बने



**कोरबा/दीपका।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) की गेवरा क्षेत्रीय इकाई का गठन कर महाप्रबंधक गेवरा को अवगत कराया गया है। नवीन कार्यकारिणी में एनसीएच में पदस्थ चीफ फार्मांशिष्ट यश कुमार जायसवाल को अध्यक्ष और रविंद्र स्वर्णकार को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश्वर सिंह नर्मदा हैं। जबकि संगठन के सचिव सूर्यकांत रॉबिन्सन बनाये गए हैं। इनके अतिरिक्त विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई है। एचएमएस के केंद्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव के द्वारा संबंधित नियुक्तियां करने के साथ प्रबंधन को पूरी सूची भेज दी गई है। प्रबंधन से कहा गया है कि क्षेत्रीय इकाई स्तर पर औद्योगिक संबंध के तहत चर्चा एवं वार्ता के लिए इन पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाए जिससे शेड्यूल के अंतर्गत कामकाज हो सके। एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष यश जायसवाल ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता जताने के साथ नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ संगठन और कर्मचारी हित में कार्य संपादित किया जाएगा। इकाई गठन पर केंद्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव, एस.सी. मंसूरी, एस.डी.मानिकपुरी, अनिरूद्ध सिंह, तरूण राहा, अमृतलाल चंद्रा, जी.कुरियन, एस.डी. तिवारी, फैयाज अंसारी ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## भगवान के अवतारों की कथा सुनी श्रद्धालुओं ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कोरबा के घंटाघर मैदान में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया वजन परिवार द्वारा आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान गौरव कृष्ण गोस्वामी के श्री मुख से कथा और भजन का श्रवण करने हजारों हजार लोग प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं।

वृंदावन निवासी श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज द्वारा मंगलवार की शाम भगवान के अवतारों की कथा सुनाई गई।

गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने कथा के साथ ही भजन कीर्तन के जरिए धर्म प्राण लोगों को झूमने पर विवश कर दिया ष्द्धद्बश्

भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए गौरव कृष्ण जी ने जब झांकियों और कथा के जरिए भगवान कृष्ण के जन्म का उल्लेख किया तब पूरा पंडाल जयकारे से गूंज उठा ।लोग नाचने लगे ,बाहर आतिशबाजी शुरू हो गई।





## बुधवारी और एसईसीएल कालोनी में दो युवकों ने फांसी लगाई

**कोरबा।** बुधवारी बस्ती और एसईसीएल कालोनी चीपहाउस में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा किया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट और आगे की जांच से मौत के कारण स्पष्ट होने की बात पुलिस ने कही है।

सीएसईबी चौकी अंतर्गत बुधवारी बस्ती के मृतक का नाम नीतिश भारती बताया गया है। डॉ. कामता भारती के द्वारा कुछ समय पहले ही बुधवारी क्षेत्र में नए मकान का निर्मािण कराया गया। जिसमें फिलहाल नीतिश अकेले ही रह रहा था। आज सबेरे यहां नीतिश की मौत होने की जानकारी मिली। फांसी के फंदे पर उसका शव लटका मिला। 22 वर्षीय युवक के द्वारा किन कारणों से यह कदम उठाया गया, इस बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी है। युवक के द्वारा खुदकुशी करने की खबर होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

एक अन्य घटना मानिकपुर पुलिस चौकी के एसईसीएल चीपहाउस कालोनी में हुई। यहां 19 वर्षीय आशुतोष ने खुदकुशी कर ली। वह परिवार का इकलौता पुत्र था। उसके द्वारा आत्मघाती कदम उठाने से घर में कोहराम मच गया। मानिकपुर पुलिस ने यहां पहुंचकर औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की।

## विधायक पटेल से मिल टीचर्स एसोसिएशन ने की चर्चा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के शिष्ट मंडल ने कटघोरा के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल व वरिष्ठ भाजपा नेता दुष्यंत शर्मा से सौजन्य भेंट कर बुके प्रदान किये। शिक्षकों की लंबित समस्याओं और मांगों के बारे में उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया।

संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि शिक्षकों व कर्मियों को वर्तमान सरकार से काफी अपेक्षाएं हैं। भाजपा शासनकाल में ही संविलियन हुआ लेकिन 2018 से वरिष्ठता का लाभ न मिलने से पेंशन व क्रमोन्नित जैसे लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। पदोन्नित होने पर भी काफी पद रिक्त पड़े हैं। रिक्त पद पर पदोन्नित व क्रमोन्नित होने से शिक्षकों का हित संवरेगा। महंगाई भत्ता, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, संशोधित शाला में स्थाई पदस्थापना दिए जाने की मांग अरसे से की जाती रही है। विधायक से कहा गया कि वे शिक्षकों की बात सरकार के पास रखकर राहत दिलवाएं। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी बुधेश्वर सोनवानी, ओमप्रकाश खांडे, सत्यप्रकाश खांडेकर व अन्य शामिल थे।



## अपेक्स बोर्ड की बैठक का इंतजार

**कोरबा।** एसईसीएल में कई ऐसे कोयला कामगार है जो बीमार है किसी न किसी बीमारी से ग्रसित होने के कारण वे अपने काम ठीक ढंग से नही कर पा रहे है। जॉब में परिवर्तन अपेक्श बोर्ड की बैठक में रख सकते है। एसईकेएमसी के गोपाल यादव ने बताया कि केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह कोयला कामगारो की समस्याओं को अपेक्श बोर्ड के सामने रखेगें। गेवरा एरिया में भी कई ऐसे मामले है जिसको बोर्ड के सामने रखा जा सकता है।

***कोरबा।** रामपुर तालाब की स्थिति को बेहतर करने की जरूरत आसपास के लोग महसूस कर रहे हैं।

## प्रमाण पत्र वितरित

**कोरबा।** विकासखण्ड करतला में दिव्यांग बच्चों हेतु आकलन शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जिला अस्पताल की विभिन्न विशेषज्ञों की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य व दिव्यांगता का आंकलन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने परीक्षण के बाद 86 बच्चों को दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किया।

श्रीं
मकान - दुकान बेचना है
ट्रांसपोर्टनगर कोरबा में 2400 वर्ग फूट में बना मकान व दुकान बेचना है।
संपर्क करें
मो. 6268146606

## सतनाम कल्याण समिति का प्रतिनिध मड़ल कल मिलेगा मुख्यमंत्री से

**कोरबा।** सतनाम कल्याण्स समिति के द्वारा गुरूघासीदास जयंती समारोह बनाने की तैयारी जोर-शोर की जा रही है। सतनाम कल्याण समिति के सदस्य नए मुख्य मंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का इंतजार कर रहे थे। आज शपथ ग्रहण समारोह होने के बाद कल्याण समिति की सदस्य कल मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय को कोरबा आने का न्योता देने के लिए जाएंगे। सचिव बी.एल बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रायपुर जाने की तैयारी को लेकर विचार-विर्मश किया जाएंगा ।प्रत्येक वर्ष गुरूघासरदास जंयती सरमारोह के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी आते रहे है। इस बाद भी उम्मीद की जा रही है कि नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जरूर कोरबा आएंगे।

## सैकड़ों भाजपाई रायपुर गए

**कोरबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सैकड़ो भाजपाई आज रायपुर के लिए रवाना हुए है। कोरबा जिले के चारो विधानसभा क्षेत्रो में कार्यकर्ताओं की अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 500 कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए है। कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए टिकेश्वर राठिया आकाश सक्सेना, लक्ष्मी श्रीवास, सुमित वर्मा, धजजंय चौहान , प्रकाश यादव जुटे हुए थे।कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के हरदी बाजार मंडल से 500 कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए है। यहां से चुलेश्वर राठौर, अरूणीश तिवारी, ज्योति पाण्डेय, हरीश थरवानीय, राजू प्रजापति,दीपका नगर मड़ल से सूर्य प्रकाश शर्मा, नरेश टड़न के नेतृत्व में कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। कटघोरा मड़ल से अन्नू दुबे, राजेन्द्र टड़न ,उत्तम रणधावा, किशन केशरवानी, समजीत सिंह, अनुराग दुहलानी,जय गर्ग, विवेक मारकण्डे रायपुर के लिए रवाना हुए है। इसी तरह वरिष्ठ नेताओं में जोगेश लांबा, ज्योति नंद दुबे ,अशोक चावलानी, डा. राजू सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, के साथ अनेको कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए है।

## विधायक राठिया का किया स्वागत



**कोरबा।** पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया से मुलाकात करते हुए उनका स्वागत किया चुनाव के समय राजेश मानिकपुरी को रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रभारी बनाया गया था। श्री मानिकपुरी ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में भी काम किया था।

## न हिंसा करेंगे न होने देंगे, जिला पंचायत के कर्मियों ने शपथ ली

**कोरबा।** नई चेतना जेण्डर 2.0 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में सीईओ विश्वदीप ने जिला पंचायत के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध शपथ दिलाई। जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों ने हिंसा हर रूप में गलत है, हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, महिलाओं को उचित सम्मान देने और नई चेतना को उजागर करने साथ ही खुद हिंसा ना करने और ना ही हिंसा होने देने की शपथ ली। इस दौरान उप संचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुरू घासीदास जयंती के पर शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** प्रशासन ने आदेश जारी कर जिले में आगामी गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3 बार एवं मद्य भण्डारण-भण्डागार 18 दिसम्बर को पूर्णत: बंद रहेंगे।

## मेरी कहानी-मेरी जुबानी सहित अनेक आयाम पर कार्य होंगे विकसित भारत संकल्प अभियान में

**कोरबा।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के सभाकक्ष में समस्त सीडीपीओ और पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जनजागरुकता हेतु जागरूकता वाहन नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल, टीएचआर वितरण दिवस गृह भेट के दौरान समस्त हितग्राहियों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। जिसके अंतर्गत स्वस्थ बालक स्पर्धा मापदण्ड, मासिक वृद्धि निगरानी, बच्चे की व्यक्तिगत स्वच्छता पोषण स्तर, 3 से 5 साल के बच्चे का गर्म भोजन, 6 माह से 3 वर्ष के आयु के बच्चो हेतु 'रेडी टू ईट' टीकाकरण, कृमिनाशक आदि मापदंडों में 50 अंक में आंकलन किया जाएगा। स्वास्थ्य बालक स्पर्धा के लिए मूल्यांकन टीम आईसीडीएस परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत प्रतिनिधि वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य अमला व शिक्षक होंगे।



इसी प्रकार ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के अन्तर्गत लाभार्थियों द्वारा योजना के लाभ के बारे में उनके अनुभव बताने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से 5 लाभार्थियों की पहचान करना और उसका स्क्रिप्ट तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल में जानकारी दर्ज किया जाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा कार्यक्रम स्थल में ऑन-स्पॉट पंजीकरण किया जाएगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती चखियार व जिला महिला बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह के द्वारा कार्य योजना तैयार किया गया। कार्यशाला में आईसीडीएस के दस परियोजना अधिकारी और समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com